सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय,वाराणसी

अल्पकालिक निविदा-सूचना

विश्वविद्यालय के ग्रन्थों एवं अन्य प्रपत्रों के मुद्रण एवं प्रकाशन सम्बन्धित सभी कार्यों हेतु अनुभवी फर्मों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय के बेवसाइट www.ssvv.ac.in पर उपलब्ध है। निविदा-प्रपत्र प्रकाशन संस्थान से रू० 500.00 (पाँच सौ) मात्र जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

(राकेश कुमार)
आई०ए०एस०
कुलसचिव

सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

पत्रांकः प्रका०03/2024-25 दिनांक : 26-04-2024

निविदा-विज्ञप्ति

एतत् द्वारा सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय में विद्वानों/आचार्यों द्वारा विभिन्न विषयों पर लिखित पाण्डुलिपियों के प्रकाशन हेतु निम्न विवरण के अनुसार निविदा-विज्ञप्ति निर्गत किया जा रहा है।

अतः इच्छुक रजिस्टर्ड फर्म जो क्रमांक 1 से 7 तक की तकनीकी अर्हता पूर्ण करते हों, वे पुस्तक प्रकाशन से सम्बन्धित विभिन्न कार्यों हेतु अपनी वित्तीय निविदा सील बन्द लिफाफे में दिनांक 17-05-2024 तक जमा कर सकते हैं।

निविदा की महत्त्वपूर्ण तिथियाँ :-

1. विज्ञप्ति की तिथि : 27-04-2024
2. निविदा फार्म प्राप्त करने की तिथि : 27-04-2024 से 15-05-2024
3. निविदा फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि : 17-05-2024 को सायं 03:00 बजे तक
4. निविदा की अन्तिम तिथि : 17-05-2024
5. निविदा खोलने की तिथि : 17-05-2024 को सायं 04:00 बजे

निविदा दाता फर्म हेतु निर्धारित आवश्यक तकनीकी अर्हताएँ :-

1. जी०एस०टी० पञ्जीकरण प्रमाण-पत्र की छायाप्रति।
2. एम०एस०एम०ई० (उद्योग आधार) पञ्जीकरण प्रमाण-पत्र की छायाप्रति।
3. वर्ष 2023-24 की आयकर विवरणी।
4. विश्वविद्यालय के वित्त विभाग में जमा कराये गये निविदा शुल्क रु० 500/- की रसीद।
5. फर्म को रु०30,000/- का एफ०डी०आर० जो 'वित्त-अधिकारी, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी' के नाम बंधक होगा, धरोहर धनराशि (EMD) के रूप में निविदा प्रपत्र के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
6. फर्म का गत तीन वर्षों में औसत वार्षिक टर्न ओवर न्यूनतम् रू० 30 लाख होना अनिवार्य है, अर्थात् तीन वर्षों में कुल टर्न ओवर न्यूनतम् रू० 90 लाख होना चाहिए।
7. फर्म के द्वारा गत तीन वर्षों में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्था हेतु पुस्तक प्रकाशन का न्यूनतम् रु०25 लाख का कार्य किया हो, जिसका प्रमाण पत्र/कार्यादेश संलग्न करना अनिवार्य है।
8. उपरोक्त क्रमांक 1 से 7 तक के सभी अभिलेखों का प्रमाण प्रस्तुत करना अनिवार्य है, किसी भी एक अभिलेख के अभाव में सम्बन्धित फर्म के वित्तीय निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
9. फर्म को प्रति वर्क आर्डर के अनुसार कार्य पूर्ण होने के उपरान्त भुगतान किया जायेगा। किसी भी दशा में अग्रिम नहीं दिया जाएगा।

निविदा सम्बन्धी सामान्य शर्तें :-

1. निविदा समिति द्वारा एल-वन का निर्धारण प्रकाशन हेतु प्रयुक्त समस्त कार्यों के लिए फर्म द्वारा डाले गये दरों में से न्यूनतम् का चयन किया जाएगा तथा सभी फर्मों के जिस आइटम का दर न्यूनतम् होगा, उसी दर पर कार्य अधिकता की स्थिति में प्रतिभागी फर्मों से उनकी सहमति के आधार पर कार्य कराया जाएगा।
2. वर्क आर्डर छः माह के अन्दर पूर्ण करना है।
3. वर्क आर्डर देने के उपरान्त एक माह के अन्दर प्रूफ रीडिंग के लिए प्रिंट कर प्रस्तुत करना होगा।

4. प्रूफ रीडिंग का कार्य सम्बन्धित विद्वान द्वारा पूर्ण करने के उपरान्त दो माह के अन्दर वर्क आर्डर में दिये गये मात्रा में पुस्तकों की आपूर्ति करना आवश्यक होगा।
5. पुस्तकों के प्रकाशन हेतु निम्न मानक व विशिष्टताओं का पेपर प्रयोग में लाया जाएगा –
   - कवर पेज - 110 से 120 जी॰एस॰एम॰
   - इनर पेज - 70 जी॰एस॰एम॰
   - बाइण्डिंग - कार्यादेश के अनुसार
   - पुस्तक की आकार - कार्यादेश के अनुसार
6. कार्य अधिकता की स्थिति में एल-वन की दर पर निविदा में प्रतिभाग किये गये अन्य फर्मों से उनकी सहमति के उपरान्त कार्य कराया जा सकता है।
7. निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त चयनित फर्म को कार्यादेश निर्गत होने से पूर्व रु॰ 100/- के नान जूडिशियल स्टॉम्प पर अनुबंध करना होगा।
8. मुद्रित की गयी पुस्तकों को विश्वविद्यालय के विक्रय विभाग तक आपूर्ति करनी होगी, जिसके लिए कोई परिवहन/अन्य व्यय नहीं दिया जाएगा।
9. इस निविदा की कुल अवधि अधिकतम् तीन वर्ष होगी, किन्तु कार्य सन्तोषजनक न पाये जाने अथवा अनुबंध के प्राविधानों का उल्लंघन होने पर कुलपति जी द्वारा अनुबंध समाप्त किया जा सकता है।
10. इस निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार कुलपति जी में निहित होगा।
11. निविदा के संदर्भ में किसी भी प्रकार के वाद उत्पन्न होने की दशा में न्याय क्षेत्र जनपद एवं सत्र न्यायालय, वाराणसी होगा।

❖